हरिभूमि
# रायपुर भूमि





# नए साल में नई राह...कचना ओवरब्रिज जनवरी तक पूरा, 24 दिन में पिलर फाउंडेशन, इसके बाद गर्डर-स्लैब के होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर के कचना सहित आसपास क्षेत्र के लाखों लोगों को नववर्ष में कचना रेलवे क्रासिंग में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलने की संभावना है। कचना रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ के हिस्से का कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है, वहीं ब्रिज के सबसे अहम रेलवे क्रासिंग के हिस्से का कार्य रेलवे की अनुमति नहीं मिलने के कारण अटका हुआ था, लेकिन रेलवे ने अब पीडब्ल्यूडी विभाग को पिलर फाउंडेशन कार्य की अनुमति दे दी है। इसके बाद विभाग ने खुदाई का कार्य भी शुरू कर दिया है। यह कार्य पूर्ण होने के बाद गर्डर चढ़ाने तथा स्लैब लगाने का कार्य किया जाएगा। इधर पीडब्ल्यू विभाग के अधिकारी भी उम्मीद जता रहे हैं कि यह पूरा कार्य आगामी लगभग दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।

### 20 किलोमीटर की रफ्तार से गुजरेंगी ट्रेनें

विभागीय सूत्र के अनुसार रेलवे के हिस्से का कार्य शुरू किए जाने के बाद इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनें फाटक के पास 20 किलोमीटर की रफ्तार से गुजरेंगी। यह व्यवस्था सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने लिया है।

### 35 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज

कचना ओवरब्रिज का निर्माण कार्य नवंबर 2021 में प्रारंभ हुआ था। इसके बाद लगातार इसके निर्माण कार्य में कोई न कोई बाधा आती रही, जिसके कारण चार साल बाद भी इसका निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है। लगभग 35 करोड़ की लागत से बन रहे इस ब्रिज के निर्माण कार्य में कभी बारिश तो कभी तकनीकी तो कभी रेलवे की अनुमति नहीं मिलना जैसी अड़चनें आने के कारण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। हालांकि अब इसके निर्माण कार्य में तेजी आएगी, जिससे जनवरी 2026 के प्रथम पखवाड़ा तक निर्माण पूर्ण होने की संभावना जताई जा रही है।



### रेलवे फाटक में जाम से मिलेगी मुक्ति

कचना रेलवे फाटक से हर दिन एक लाख से ज्यादा लोग गुजरते हैं। इस रेलवे लाइन से ट्रेन के गुजरने के दौरान फाटक बंद कर दिया जाता है, जिसके कारण फाटक के दोनों ओर लंबा जाम लग जाता है।


### 24 दिनों में पूरा करना होगा

विभागीय अधिकारी के अनुसार ब्रिज का सबसे अहम हिस्सा रेलवे क्रासिंग के ऊपर बन रहा है। यहां एक पिलर, तीन स्लैब और 18 गर्डर का काम बचा हुआ है। रेलवे से अनुमति नहीं मिलने के कारण यह कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था। रेलवे की अनुमति मिलने के बाद अब सबसे पहले पिलर का कार्य कम्प्लीट किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सफाईकर्मी से विवाद मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** सफाईकर्मी के साथ मारपीट के मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। घटना 3 नवंबर को सुबह 8.45 बजे की है। प्रार्थी त्रिदेव पनिका



निवासी शुक्रवारी बाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घटना के समय वह घर-घर कचरा कलेक्शन के लिए सूर्या नगर गोगांव गया था। इस दौरान आरोपी कुशाल जंघेल एवं उसके माता-पिता ने कचरा उठाने की बात पर उससे विवाद किया और फिर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। इससे उसे चोट भी आई है। पुलिस ने मामले में धारा 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आत्महत्या दुष्प्रेरण, फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** आत्महत्या के दुष्प्रेरण के प्रकरण में पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना उरला थाना क्षेत्र की है। राहुल विश्वकर्मा ने 16 अक्टूबर की शाम 4.50 बजे अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ताजुद्दीन खान निवासी इंद्रानगर शुक्रवारी बाजार एवं छोटे उर्फ शैफुद्दीन अंसारी निवासी इंद्रा कालोनी ने राहुल को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किया था। घटना के बाद से दोनों फरार थे, जिन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### सूने मकान में धावा, साढ़े पांच लाख की चोरी

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना 18 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच की है। प्रार्थी दिलीप साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय उसका पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। वापस लौटे तो उसके डुप्लेक्स मकान के ऊपर बने कमरे में रखी आलमारी से नकदी 5 लाख रुपए तथा लगभग 50 हजार कीमत का1 सोने का एक जोड़ी झुमका गायब था। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 331- 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### तत्कालीन लेखा प्रभारी पर गबन का मामला दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के तत्कालीन लेखा प्रभारी विनोद साहू के विरुद्ध देवेंद्र नगर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इस घटना की शिकायत आयोग कार्यालय के अधीक्षक जेआर निराना ने दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि तत्कालीन लेखा प्रभारी ने 7 सितंबर 2017 से लेकर 5 जनवरी 2018 के दौरान कार्यालय की 41 हजार 856 रुपए राशि को गबन किया है। इस राशि को उसे शासकीय बैंक खाते में जमा करना था, जिसे नहीं कर धोखाधड़ी की। इस मामले में उसके विरुद्ध 420, 409 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### बुजुर्ग माता-पिता चार महीने तक थानों का चक्कर लगाते रहे

# बुजुर्ग मां-बाप बेटे की तलाश में थानों में भटकते रहे, पुलिस ने लावारिस मानकर दफना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

अपने गुम इकलौते जवान बेटे के जीवित होने की उम्मीद में राजधानी के अलग-अलग थानों का चक्कर काटने के बाद बुजुर्ग मां-बाप को बेटे की लाश की जगह कंकाल मिला। बुजुर्ग माता पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया लेकिन पतासाजी नहीं की। वहीं, एक अज्ञात लाश पुलिस को मिली, उसकी जांच तक नहीं की गई और उसे लावारिश मानकर दफना दिया। बुजुर्ग मां और पिता को बेटा तो नहीं मिला, उसकी लाश भी सही सलामत नहीं मिल सकी। उसका कंकाल ही मिल सका।

पेशे से इंजीनियर न्यू शांति नगर निवासी मृणाल राय (43) की आमानका थाना क्षेत्र के टाटीबंध के पास दो जून को लाश मिली थी। पुलिस लाश की शिनाख्ती कराने के बजाय कफन दफन कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो गई। बुजुर्ग मां-बाप ने एसएसपी कार्यालय से लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय तक गुहार लगाई, तब पुलिस ने बुजुर्ग माता-पिता को उनके बेटे की मौत की जानकारी देने के साथ जोरा स्थित कब्रिस्तान में लाश दफनाने की जानकारी दी।



पूरे मामले की जानकारी लेने हरिभूमि की टीम ने मृणाल की 70 वर्षीय मां तथा पिता मनोज राय चौधरी से संपर्क किया। मृणाल की मां के अनुसार मृणाल एक जून को घर से गायब हुआ। इसके बाद दो जून को सिविल लाइंस थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। एक सप्ताह बाद भी मृणाल के घर नहीं लौटने पर बुजुर्ग माता-पिता एसएसपी कार्यालय मदद मांगने पहुंचे। एसएसपी ने मृणाल की पताजासी करने क्राइम ब्रांच को निर्देशित किया। क्राइम ब्रांच की टीम मृणाल की जानकारी जुटाने की बात कह कर बुजुर्ग माता-पिता को ▶▶ शेष पेज 14 पर

### मोबाइल, पर्स गायब

मृणाल के पिता भिलाई स्टील प्लांट का सेवानिवृत्त मैनेजर हैं। उनके बेटा ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर होने के साथ एमबीए की पढ़ाई की है। मृणाल का पर्स तथा मोबाइल गायब है। मृतक की मां के अनुसार बेटे के गायब होने के एक माह पूर्व उसके मोबाइल में अंबिकापुर से एक अनजान नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने मृणाल की मां को उसके बेटे की हत्या करने की धमकी दी थी।

### लाश लेने घंटों इंतजार

मृणाल की मां के अनुसार एक दिन पूर्व पुलिस ने उन्हें उनके बेटे की मौत की जानकारी दी। साथ ही मृणाल के कपड़े बताए। तब उन लोगों ने कपड़े मृणाल के होने की पुष्टि की। इसके बाद सोमवार को पुलिस ने मृणाल के माता-पिता को बॉडी लेने सुबह 10 बजे जोरा कब्रिस्तान आने के लिए कहा। सुबह बुजुर्ग माता-पिता अपने बेटे की बॉडी लेने कब्रिस्तान पहुंच गए। भूखे-प्यासे बुजुर्ग मां बाप अपने बेटे की लाश लेने दोपहर तीन बजे तक इंतजार करते रहे। एसडीएम तीन बजे जोरा पहुंचे, तब मृणाल का कंकाल निकालने खुदाई की गई।

# 'उड़ता पंजाब' पहुंचा छत्तीसगढ़, दो ड्राइवर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 34 ग्राम 60 मिलीग्राम हेरोइन जब्त की है, जिसकी कीमत 3 लाख 46 हजार रुपए आंकी गई है। दोनों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं और पेशे से ट्रक ड्राइवर हैं। इसके अलावा उनके कब्जे से एक तौल मशीन एवं ट्रेलर भी जब्त किया है, जिसका वे हेरोइन बेचने में इस्तेमाल करते थे।

**ड्राइविंग की आड़ में करते थे हेरोइन की** ▶▶ शेष पेज 14 पर

**हेरोइन की खरीदी-बिक्री में कौन-कौन शामिल, इसकी जांच जारी:** इन दोनों तस्करों के पकड़े जाने के बाद यह तय हो गया कि दोनों इस प्रतिबंधित हेरोइन की तस्करी के कारोबार में जुड़े हुए हैं। ये दोनों इस कारोबार में कब से जुड़े हुए तथा इसकी खरीदी-बिक्री किन-किन लोगों से की गई है, इसका पता लगाने दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों के विरुद्ध धारा 21 बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ड्रग्स सिंडिकेट का हब बन रहा रायपुर

रायपुर में इससे पहले भी हेरोइन सहित अन्य ड्रग्स की तस्करी के मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। टाटीबंध में ही ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें ट्रक ड्राइवरों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जांच में एक मामले में ▶▶ शेष पेज 11 पर

# अवंति विहार मुख्य मार्ग पर कमरतोड़ ब्रेकर बाइक सवार गिर रहे, कारों का लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

■ स्पीड कंट्रोल के लिए प्लास्टिक का ब्रेकर, दोपहिया, तिपहिया वाले गिर रहे

शहर के अवंति विहार मुख्य मार्ग वाली सड़क पर नाले के पास नगर निगम और ट्रैफिक विभाग ने मिलकर एक ही जगह दो प्लास्टिक से निर्मित जिगजाग ब्रेकर लगाकर दुघर्टना को न्योता दिया है। इस मार्ग पर आने-जाने वाले लोग महकमे की अजब-गजब प्लानिंग से परेशान हैं। दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों को इस मार्ग पर आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। यही नहीं, एक ही स्थान पर बनाए गए 2 जिगजाग ब्रेकर पार करते हुए एक दोपहिया के पीछे सीट पर बैठी बुजुर्ग महिला उछलकर गिर गई। ▶▶ शेष पेज 14 पर




### अधिकारियों ने कहा- हटाया जा सकता है

नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों का कहना है प्लास्टिक से निर्मित स्पीड ब्रेकर रिमूवल होने के साथ स्पेसिक साइज में तुरंत फिट किया जा सकता है। इसीलिए इसका प्रयोग ज्यादा होने लगा है। इसे लगाने का मकसद तेज रफ्तार वाली गाड़ी के स्पीड को कंट्रोल करना है। हालांकि इससे रोड एक्सीडेंट का खतरा डामर से निर्मित ब्रेकर से ज्यादा है। यदि कोई शिकायत आती है, तो इसे हटाया भी जा सकता है।

## रात में लौटी ठंड, पारा और गिरेगा अंबिकापुर 12 डिग्री के करीब

**रायपुर।** वातावरण में मौजूद नमी में कमी होने की वजह से रात में ठंड की वापसी होने लगी है। आने तीन दिनों में तापमान और गिरावट आने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का



न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। प्रदेश में मौसम अब सामान्य होने लगा है जिससे नवंबर की ठंड महसूस होने लगी है। रात में मौसम ठंडकता लिए हुए मगर दिन की धूप अभी भी परेशान करने वाली है। पिछले चौबीस घंटे में शहर में रात का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, वहीं दिन में 31 डिग्री की गर्मी रही। राज्य में सबसे ज्यादा पारा जगदलपुर का 32 डिग्री रहा।

### गैर राज्यों से रिटेलर की सीधी दवा खरीदी बैन

# डीलर होने के बाद भी मंगाया तो थोक कारोबारियों को देना होगा लेखा-जोखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

■ नकली दवाओं की बिक्री पर सख्त हुआ विभाग, दवा कारबारियों को जारी हुई गाइडलाइन

राज्य में मेडिकल स्टोर्स चलाने वाले रिटेलर अब गैर राज्य से सीधे दवा खरीदी नहीं कर पाएंगे। इसके अलावा दवा कंपनी के डीलर राज्य में मौजूद होने के बाद भी थोक कारोबारी अगर बाहर से संबंधित दवा मंगाते हैं, तो इसका लेखा जोखा विभाग को देना होगा। नकली दवाओं को राज्य से दूर रखने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के प्रस्ताव में राज्य शासन द्वारा दवा कारोबारियों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। राज्य में पिछले दिनों गरियाबंद इलाके में नकली कफ सिरप का मामला पकड़ा गया था। इसके पूर्व भी नकली एंटी बायोटिक और आयुर्वेद की दवाओं का मामला सामने आया था। अन्य राज्यों में भी नकली दवा के प्रकरण भी मिलते रहे हैं।

### आयरन का इंजेक्शन और मस्कुलर पेन की दवा पर रोक

राज्य में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा नियमित निरीक्षण और निगरानी की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी क्रम में हाल ही में एनीमिया जैसी शिकायतों की रोकथाम के लिए दी जाने वाली आयरन के इंजेक्शन और मांसपेशियों की दर्द रोकने वाली दो दवाओं पर अस्थायी रोक लगाई गई है। कॉर्पोरेशन द्वारा ड्रग वेयरहाउस कवर्धा में बैक्लोफेन मस्कुलर पेन 10 एमजी टैबलेट (ड्रग कोड- एनडी88) के बैच आरटी24126 और आरटी 25018 का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें कुछ पैकेट्स पर रंग परिवर्तन पाए गए।


### आज संध्या 6 बजकर 48 मिनट पर समाप्त होगी पूर्णिमा तिथि

*भरणी नक्षत्र का भी मिलेगा संयोग, इसके स्वामी शुक्र ग्रह*

# रात 10.36 पर प्रारंभ हुई पूर्णिमा तिथि, शिववास योग और सर्वार्थ सिद्धि योग में पुण्य स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर को रात 10 बजकर 36 मिनट पर प्रारंभ हो गई है। इस तिथि का समापन 5 नवंबर को शाम 6 बजकर 48 मिनट पर है। तिथि के मुताबिक 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मान्य होगी। इस तिथि पर शिववास योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। इसके अलावा भरणी नक्षत्र भी बना रहेगा, जिसके स्वामी शुक्र ग्रह हैं। इस दिन चंद्रमा मेष राशि में और शुक्र अपनी स्वराशि तुला में विराजमान रहेंगे। इन दोनों ग्रहों के सातवें भाव में होने से समसप्तक योग का निर्माण होगा। ज्योतिष के अनुसार यह योग बहुत शक्तिशाली माना गया है, जो जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का संकेत देता है। इस दिन भरणी के साथ अश्विनी नक्षत्र का भी



अद्भुत संगम बन रहा है। अश्विनी नक्षत्र जीवन में स्वास्थ्य, नई शुरुआत और ऊर्जा का प्रतीक है, जबकि भरणी नक्षत्र धैर्य, करुणा और सृजन का संकेत देता है। इन दोनों का मिलन शरीर और आत्मा दोनों के संतुलन को बढ़ाता है। इस शुभ संयोग में स्नान, दान, ध्यान और दीप प्रज्ज्वलन करने से आरोग्य लाभ और मन की शांति प्राप्त होती है। यह दिन संपूर्ण रूप से पुनर्जागरण और दिव्यता का प्रतीक है।

### देवता आकर जलाते हैं दीप

राजधानी रायपुर सहित देशभर में लोग पवित्र नदियों में स्नान करेंगे। वहीं काशी में आज देव दिवाली मनाई जाएगी। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक दैत्य का अंत किया था। इस दिन देवी-देवता देवलोक से धरती पर आते हैं और दीपक जलाते हैं। इस दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु का पूजन विशेष रूप से किया जाता है। काशी में यह पर्व विशेष रूप से खास तरीके से मनाया जाता है। राजधानी रायपुर में भी महादेव घाट में विशेष पूजन और स्नान आज श्रद्धालु करेंगे।

### स्नान के लिए मिले 52 मिनट

कार्तिक पूर्णिमा स्नान मुहूर्त प्रातः 4 बजकर 52 मिनट से 5 बजकर 44 मिनट बजे तक ही रहा। इस विशेष मुहूर्त में स्नान ना कर सकने वाले श्रद्धालु इसके बाद भी स्नान कर सकते हैं। शास्त्रों के मुताबिक, कार्तिक माह की पूर्णिमा हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण तिथियों में से एक है। इस दिन देव दीपावली भी मनाई जाती है, जिसे देवताओं की दीपावली कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा का पर्व अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है। यह दिन न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से बल्कि ज्योतिषीय रूप से भी बहुत खास होता है। इस दिन देव दीपावली और गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान, दान और पूजन करने से अनेक गुना पुण्य की प्राप्ति होती है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### अखिल कुशवाहा ने ताईक्वांडो में जीता गोल्ड

**आरंग।** आरंग के प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ी अखिल कुशवाहा ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। अखिल कुशवाहा, जो आरंग निवासी अंजनी कुशवाहा के पुत्र हैं, वर्तमान में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, मंदिर हसौद में कक्षा 9वीं के छात्र हैं। वे इंडोर स्टेडियम आरंग खेल संघ के अध्यक्ष अमन साहू एवं ताइक्वांडो ट्रेनर लोकेस साहू के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## निधन

### राजकुमार गुप्ता

**आरंग।** इंदिरा चौक आरंग निवासी राजकुमार गुप्ता (राजू गौटिया) का मंगलवार कोनिधन हो गया।



उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगरवासी सशामिल हुए। वे पूर्व पार्षद कुमुदनी के पति, रजत गुप्ता के पिता व कृष्ण कुमार गुप्ता के बड़े भाई, प्रकाश गुप्ता (रिंकू) के चाचा थे।

**जन आक्रोश : राहगीर हर दिन बदहाल व जर्जर सड़क का दंश झेल रहे, ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

# मलौद-नकटी मार्ग पर जानलेवा सफर, कंपनियों के ओवरलोड वाहनों से उखड़ रही डामर की परत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिलयारी

मलौद से जंजगीरा-नकटी तक बदहाल सड़क पर सफर करना आसान नहीं बल्कि चुनौती भी बन गया है। कंपनियों की गाड़ियों ने इस प्रधानमंत्री सड़क की छाती ही चीर डाला है। यह सड़क इतना जर्जर हो चुका है कि, हर पल दुर्घटना का डर बना रहता है। गांव को जोड़ने वाली क्षेत्र में कोई ऐसी सड़क नहीं, जिस पर आरामदेह सफर कर सकें। कारखानों की भारी वाहनों से आने-जाने वाले को छोड़ दीजिए यहां पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। संयंत्रों के मालवाहकों ने ग्रामीण सड़कों को तहसनहस कर दिया है।

लिहाजा, ग्रामीणों ने आक्रोशित स्वर में कहा मंत्री हो या फिर जिले के अन्य जनप्रतिनिधि सबने सड़कों के नाम पर जनता को धोखा दिया, जिसका खामियाजा राहगीर भुगत रहे हैं। मलौद, मौहागांव, कोदवा, जंजगीरा, मढ़ी, नकटी और कोनारी के राहगीर हर दिन बदहाल व जर्जर सड़क का दंश झेल रहे हैं। इन गांवों के ग्रामीण लामबंद होकर अब इन कंपनियों के खिलाफ सड़क पर उतरने की योजना बना रहे हैं। कभी भी जनाक्रोश भड़क सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि, निर्माण के नाम पर धन पानी की तरह भले ही बहाया जाता हो पर, सड़क की स्थिति नहीं सुधर पा रही है। संबंधित विभाग के जिम्मेदारों और औद्योगिक इकाइयों की यह उदासीनता आमजनता पर भारी पड़ रही है। अगर यही स्थिति रही तो ग्रामीण शीघ्र ही बड़ा आंदोलन और चक्काजाम करने बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि, कंपनियों में कुछ होता है तो नेतागिरी करने कई छूटभैय्ये नेता आ जाते हैं। लेकिन सड़क खराब हो गई है, मवेशियों की जान जा रही है। ग्रामीण भयभीत है तब कोई नेता साथ देने नहीं आ रहा है। इतना ही नहीं कंपनी के जिम्मेदार ग्रामीणों का फोन तक नहीं उठाते। क्षेत्र की अधिकतर सड़कें आज भी कंपनियों के नखरे और बजट के अभाव में लोगों को तकलीफ दे रही हैं। प्रशासन के नुमाइंदों ने सड़क बनाने में कई साल गुजार दिए, पर चलने लायक नहीं बना सके। लगभग सात किलोमीटर तक के इस सड़क पर सफर जान-जोखिम डालने जैसा है। वर्षों से लोग जर्जर सड़क के चलते जख्मी हो रहे हैं। क्षेत्र की ऐसी टूटी-फूटी और उबड़-खाबड़ सड़क जिस पर चलने की बात आते ही यात्रियों का मूड खराब हो जाता है। कोई जरूरत पड़ने पर लगता है जैसे इस पर चलने की सजा दी जा रही हो।



### मरम्मत कराने ध्यान नहीं दे रहे

क्षेत्र के दर्जनों कंपनियों की गाड़ियां इसी सड़क से आना-जाना कर रही हैं। उद्योगों की इन भारीभरकम वाहनों ने सड़क को बद से बदतर कर डाला। स्थानीय लोगों से कोई मतलब नहीं रखने वाले इन संयंत्रों ने आज तक इस रास्ते का मरम्मत तक नहीं कराया। ग्रामीण मांग करते थक गए लेकिन प्रबंधनों ने इन मांगों को हवा में उड़ेल दिया। प्रशासन की मेहरबानी भी बराबर इन कंपनियों पर बनी हुई है। तभी तो इन संयंत्रों को सड़क उखाड़ने का खुली छूट मिली हुई है। ग्रामीणों के आवागमन के लिए बनी सड़क पर अब कंपनियों की गाड़ियां फर्राटे भर रहे हैं। पूरा सड़क ही मालवाहकों को समर्पित है। कारखानों के प्रमुखों के साथ चाय पीने वाले कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मुंह बंद है। तो व्यवस्था दुरुस्त कराने कुछ जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। दुर्दशा से ग्रामीण निराश हैं जिन्हें हर रोज इस पर चलना मजबूरी है।

### सड़क पर गिट्टी झांक रही



यहां की सड़कों का जो हाल इस बार हुआ है। वैसा बुरा हाल शायद कभी नहीं हुआ होगा। अब सबसे बड़ा सवाल उठता है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कंपनी के एसी रूम में बैठने वाले कंपनियों के प्रमुख सड़क के संबंध में एक-दुसरे पर ठीकरा फोड़ते रहते हैं। सच तो यह है कि, कंपनी की अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही यह हालात पैदा हुए हैं। अधिकारियों का अपने ही कंपनी में अपने ही द्वारा रखे अधीनस्थों पर नियंत्रण नहीं है या यों कहें कि अधिकारयों ने कंपनी को जनता को परेशान करने की छूट दे रखी है। विशेषज्ञों की मानें तो सड़क अगर नहीं बनाई जा सकती है तो गड्ढे तो भरे ही जा सकते हैं। ग्राम पंचायत मलौद सरपंच शारदा महेन्द्र देवांगन ने कहा की जब से औधौगिक क्षेत्र बना है तब से भारी वाहनों आवाजाही से क्षेत्र की ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है, यह सड़क प्रधानमंत्री योजना के तहत बना, जिसमें बड़े बड़े कम्पनियों के चलने वाली गाड़ियों से सड़क के दोना तरफ एक से दो फिट व सड़क के बीचों बीच बड़े- बड़े गड्ढे हो गए हैं और स्कूली छात्र -छात्राओं व राहगीरों हमेशा खतरा बना रहता है,जब भी गौरी गणेश से गाडियां निकलते हैं तो एक साथ दस से बारह गाड़ियों इसी मार्ग पर बेलगाम दौड़ती है, और राहगीरों का साईड भी नहीं देता है आये दिन लोगों हाथ पैर टूट रहा है तो किसी का मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो रहा है।और जब शिकायत करने या बात करते के लिए कम्पनियों में जाते हैं तो कम्पनियों से ही बाहर भगा देता जनप्रतिनिधि कोई सम्मान नहीं होता है।यह मनमानी कम्पनियों द्वारा किया जा रहा है।

## सोना बेचने के नाम पर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 420 के दो आरोपियों को अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उल्बा से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सोना बेचने के नाम पर ठगी कर फरार थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की टीम मोबाइल नंबर ट्रेस करते हुए आधी रात ग्राम उल्बा पहुंची। टीम ने ग्राम पंचायत सरपंच नेहरू लाल साहू से संपर्क कर आरोपियों की तस्वीरें दिखाईं और सहयोग मांगा। सरपंच ने बताया कि पिछले दो दिनों से उल्बा के बंगालीभाठा में नंदी बैल लेकर घूमने वाला एक परिवार ठहरा हुआ है। संदेह के आधार पर सरपंच ने तत्काल कार्रवाई में सहयोग का आश्वासन दिया। रात्रि लगभग 2.30 बजे क्राइम ब्रांच टीम के साथ सरपंच ने अभनपुर थाना पहुंचकर सूचना दी। संवेदनशील मामले को देखते हुए अभनपुर पुलिस की मदद लेकर रात 3 बजे मौके पर पहुंची। संयुक्त रूप से की गई घेराबंदी में दोनों आरोपी पकड़े गए। सरपंच ने बताया कि आरोपियों को अभनपुर थाना लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच के हवाले कर दिया गया है। सरपंच नेहरू लाल साहू ने घटना के बाद क्षेत्रवासियों से अपील की कि नंदी बैल लेकर गांव-गांव घूमने वाले अज्ञात लोगों से सतर्क रहें और बिना जानकारी के किसी बाहरी समूह को गांव में ठहरने की अनुमति न दें। इस कार्रवाई में ग्राम पंचायत कोतवाल सनातन दास मानिकपुरी एवं मुकेश तारक सहित अन्य ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।



## गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** गांजा तस्करी करने वाले 3 आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 10.629 किलोग्राम गांजा किया है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पल्सर मोटर सायकल सवार 03 व्यक्ति अपने बैग में गांजा रखकर तिल्दा नेवरा क्षेत्र की ओर आ रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत कोहका आई टी आई रोड स्थित धान फड़ के सामने आरोपियों को पकड़ने हेतु नाकेबंदी पाईंट लगाया गया। इसी दौरान मुखबीर द्वारा बताये पल्सर मोटर सायकल में सवार 03 व्यक्तियों को आता देखकर रूकवाकर पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम राजेश यादव पिता जगन्नाथ यादव उम्र 22 वर्ष तेजपुर रायगढ़ हाल पता रामनगर गुड़ियारी रायपुर, परमेश्वर सेन पिता सीताराम सेन उम्र 34 वर्ष रामनगर गुड़ियारी एवं हिरेन्द्र निषाद पिता राधाकृष्ण निषाद उम्र 41 वर्ष कोहका कॉलेज के सामने नेवरा निवासी होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में अलग - अलग पैकेटों में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 10.629 किलोग्राम गांजा, पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 एम.डी. 3452, तथा घटना से संबंधित 02 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 2,10,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक सतीश पुरिया, सउनि. गेंदूराम नवरंग, प्रधान आरक्षक कृपासिंधु पटेल, आरक्षक धनंजय गोस्वामी, प्रकाश नारायण पात्रे तथा थाना तिल्दा नेवरा से उपनिरीक्षक पीआर साहू, प्रधान आरक्षक जालम साहू, आरक्षक संदीप सिंह, कुलदीपक वर्मा, किशोर शर्मा एवं मधुसुदन वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।






## खबर संक्षेप



### जनगणना ट्रेनिंग मोबाइल एप का उपयोग

**रायपुर।** नगर निगम के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड में जनगणना पूर्व प्रशिक्षण कार्य में संलग्न अधिकारियों और कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 6 नवंबर तक चलेगा। महात्मा गांधी सदन के सभागार में प्रात : 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा। मंगलवार को प्रशिक्षण में जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा, संयुक्त निर्देशक अशोक मिश्र, उप निदेशक प्रदीप साव, उपायुक्त जसदेव बाबरा, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सहकारी समिति कर्मचारी हड़ताल पर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर प्रदेश भर के सहकारी समिति कर्मचारी और कंप्यूटर आपरेटर अपने लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि 4 सूत्रीय मांगों की अनदेखी से प्रदेश भर के सहकारी समिति कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं।

# एसआईआर पर आज शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष देंगे मार्गदर्शन

**कार्यशाला में सभी मंत्री, विधायक और भाजपा के प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष और 90 विधानसभाओं के बीएलए वन होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) प्रारंभ कर दिया गया है। अब एसआईआर को लेकर प्रदेश के भाजपा संगठन ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक बड़ी कार्यशाला रखी है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय का सभी को मार्गदर्शन मिलेगा।

कार्यशाला में प्रदेश के सभी मंत्री, विधायकों के साथ 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रहे, जो चुनाव हार गए हैं, उनको भी बुलाया गया है। इसके अलावा सभी जिलों के अध्यक्ष और 90 विधानसभाओं के भाजपा के बूथ एजेंट जिनको बीएलए वन कहा जाता है, बुलाए गए हैं। सभी को एसआईआर के नियम और कानून की जानकारी दी जाएगी। बैठक का मकसद जहां एक तरफ जनता की एसआईआर को लेकर मदद करना है, वहीं कांग्रेस पर हमला करने की रणनीति भी बनाना है। इसके लिए मंत्रियों और विधायकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय का कहना है, कांग्रेस एसआईआर के मामले में जनता के बीच में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उसके झूठ को जनता के बीच उजागर करने के लिए सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### आज सुबह आएंगे शिव प्रकाश

देश के एक दर्जन राज्यों में एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा करवाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी इसको लेकर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने फैसला किया है कि जनता को एसआईआर को लेकर मदद की जाए। ऐसे में राज्यों में राज्य संगठनों को कार्यशाला करने के लिए कहा गया है। रायपुर में बुधवार को होने वाली कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और प्रदेश के संगठन प्रभारी शिव प्रकाश मार्गदर्शन देंगे। वे बुधवार की सुबह को दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। कार्यशाला 11 बजे से प्रारंभ होगी।

### तय होगी जिम्मेदारी





कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सभी मंत्री, सारे विधायकों और अन्य को आमंत्रित किया गया है। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारी और भाजपा के 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों को बुलाया गया है। सभी जो एसआईआर के बारे में विस्तार से बताया जाएगा, ताकि वे इसके बारे में खुद जान सके ताकि जनता की इस मामले में मदद कर सके। जिलाध्यक्षों के साथ बीएलए वन को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे अपने जिलों और विधानसभाओं में अन्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर तैयार कर सके। इसी के साथ इस मामले में कांग्रेस जो बात कर रही है, उनको लेकर प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों के साथ भाजपा के पदाधिकारियों, प्रवक्ताओं को विशेष रूप से जिम्मेदारी दी जाएगी ताकि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का खुलासा मीडिया के माध्यम जनता के लिए कर सके। कार्यशाला में शामिल सभी को बताया जाएग कि कैसे जनता के बीच में जाकर कांग्रेस के भ्रम को दूर करने के साथ जनता की मदद मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण में कर सकें।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार की अपील- सक्रिय भागीदारी निभाएं**

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण बीएलओ ने घर-घर जाकर बांटे गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार से मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारंभ हो गया है। मंगलवार से राज्य के सभी मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके लिए 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक गणना प्रपत्र भरे जाएंगे।

- फॉर्म भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर टोल-फ्री नंबर 1950 या बीएलओ से ले सकते हैं सहयोग

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने राज्य के सभी पात्र नागरिकों से एसआईआर में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराएं। मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।




### एसआईआर चुनाव आयोग का काम या भाजपा का एजेंडा : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, एसआईआर चुनाव आयोग का काम है, तो उसके बारे में कोई सवाल खड़ा होता है या प्रक्रिया में परेशानी आती है, तो उसका निराकरण करना, जवाब देना आयोग का काम है। भाजपा किस हैसियत से इसका जवाब देने की तैयारी कर रही है? क्या भाजपा आयोग की प्रवक्ता है? उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पहले भी कहा था आयोग यह सुनिश्चित करे कि एसआईआर किसी राजनैतिक दल का एजेंडा नहीं है। आयोग यह भी सुनिश्चित करे कि यह काम पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से होगा। एसआईआर का उद्धेश्य मतदाताओं का सत्यापन होना चाहिए, न कि मतदाताओं को परेशान करने की नीयत।

### मोबाइल एप से बीएलओ से संपर्क करने भेज सकते हैं रिक्वेस्ट

एसआईआर के लिए नागरिक अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन गणना प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं। मतदाता अपने मोबाइल फोन पर ईसीआईनेट एप डाउनलोड कर या वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं। फॉर्म भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर मतदाता टोल-फ्री नंबर 1950 पर फोन कर या अपने बूथ लेवल अधिकारी से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता ईसीआईनेट मोबाइल ऐप से बुक एक काल बीएलओ से अपने बूथ लेवल अधिकारी से सीधे तौर पर संपर्क करने के लिए रिक्वेस्ट कर सकता है।

### एसआईआर लोकतंत्र और जनविरोधी : जोगी

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता नामावली के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया को एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश करार देते हुए इसका कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा, यह प्रक्रिया लोकतंत्र के मंदिर में सेंधमारी के समान है। यह आयोग की तटस्थता पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है और छत्तीसगढ़ में चुनाव की मूल भावना को ही नष्ट कर देगी। अपना मतदाता नाम अवश्य जांचें। यह आपके वोट का, आपकी आवाज का सवाल है। हम आपके अधिकारों की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर लड़ेंगे।

# राष्ट्रपति की मौजूदगी में अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस, प्रदेश के सभी आश्रम-छात्रावासों में भी आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान बिरसा मुण्डा का जन्मदिन 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 19 और 20 नवम्बर को अम्बिकापुर के पीजी मैदान पर भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 20 नवम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। वहीं उन्होंने प्रदेश के सभी आश्रम-छात्रावासों में गौरव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में मंगलवार को नवा रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास कार्यालय में तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। आदिम जाति विकास मंत्री ने बैठक में कहा, जनजातीय गौरव दिवस गौरवपूर्ण आयोजन हो, इसके लिए सभी सबंधित अधिकारी-कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ अभी से कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दें।

- 19 और 20 नवंबर को अम्बिकापुर में भव्य आयोजन
- 20 को शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

उन्होंने कार्यक्रम में जनजातीय नृत्य, लोककला, संगीत सहित विविध आयोजनों की भी तैयारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी आश्रम-छात्रावासों में गौरव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्रियों सहित विधायकों, सांसदों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को गौरव दिवस कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश दिए।



### किरण देव का बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का दावा

# बिहार में प्रचार के बाद प्रदेश के डिप्टी सीएम और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सहित सभी नेता लौटे



### ओपी चौधरी ने भी किया प्रचार

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी बिहार में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपानीत एनडीए के पक्ष में जबर्दस्त माहौल बना है। श्री चौधरी ने कहा, लालू-राबड़ी के जंगलराज में आए दिन बिहार में नरसंहार होते थे, अपहरण, फिरौती के उद्योग चलते थे।अब बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन से विकास के नए कीर्तिमान बन रहे हैं। जनता का उत्साह बता रहा है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार ऐतिहासिक बहुमत के साथ आने वाली है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का चुनाव प्रचार मंगलवार शाम थम गया। इसी के साथ इस चरण के चुनाव के लिए प्रचार करके प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी, गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित ज्यादातर नेता लौट आए हैं। जिनको दूसरे चरण के चुनाव के लिए जिम्मेदारी मिली है, वे अभी बिहार में डटे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव बिहार विधानसभा चुनाव को कहा, बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत होगी। की दावा किया है। पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी बिहार के कैबिनेट मंत्री और छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन उम्मीदवार हैं। मंगलवार को श्री देव ने पटना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और श्री नवीन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

### एनडीए की जीत बिहार के लिए जरूरी : अरुण साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा भाजपा प्रत्याशी को जिताने चुनाव प्रचार की कमान संभाली। लगातार जनसम्पर्क कर श्री साव पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान श्री साव ने कांग्रेस-राजद गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए जनता को आगाह किया, अगर लालू के बेटे तेजस्वी यादव को सत्ता मिली, तो बिहार में हत्या, अपहरण और रंगदारी जैसे अपराधों के लिए तीन नए विभाग बन जाएंगे। एनडीए की जीत ही बिहार को समस्याओं व अपराधों से मुक्त रख सकती है।

### विजय शर्मा ने किया जनसंपर्क

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी बिहार में लगातार जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। श्री शर्मा ने विपक्ष की सत्ता-पिपासा पर तंज कसा और कहा, कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि आरजेडी के किसी उम्मीदवार को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया जाए, लेकिन आरजेडी ने कांग्रेस से मुख्यमंत्री का पद चोरी कर लिया। आरजेडी कांग्रेस में भयंकर झगड़ा है। चुनाव से पहले इतनी दुश्मनी बढ़ गई है कि चुनाव के बाद ये एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। ऐसे लोग कभी बिहार का भला नहीं कर सकते।

## खबर संक्षेप

### पुन्नी मेला तैयारी का जायजा

**रायपुर**। अपर आयुक्त विनोद पांडे ने जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित जोन के अधिकारियों की उपस्थिति में महादेव घाट पुन्नी मेला आयोजन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया मेला आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर के पदाधिकारियों के सहयोग से समन्वय बनाकर सफाई, पेयजल, लाईट सहित अन्य व्यवस्थाएं स्थल किए जाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ से 12 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड राइस का निर्यात अमेरिका को, सीएम ने सराहा


**रायपुर**। छत्तीसगढ़ से 12 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड राइस कर्नेल का निर्यात कोस्टा रिका (सेंट्रल अमेरिका) को किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान न सिर्फ वैश्विक मंच पर सुदृढ़ हो रही है, बल्कि पोषण, गुणवत्ता और समृद्धि के क्षेत्र में राज्य की साख को नई ऊंचाई भी प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कुपोषण के खिलाफ छेड़ी गई उस मुहिम का विस्तार है, जो अब वैश्विक स्तर पर प्रभाव दिखा रही है। यह हमारे किसानों, मिल संचालकों और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में नए अवसर और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा देने वाला सराहनीय कदम है।

### क्या है फोर्टिफाइड राइस

फोर्टिफाइड राइस कर्नेल में आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन-बी12 जैसे आवश्यक पोषक तत्वों का समावेश किया जाता है। यह प्रयास न केवल खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, बल्कि समाज के पोषण स्तर को भी बेहतर बनाता है। अब छत्तीसगढ़ के उत्पाद वैश्विक बाजार में 'पोषण के प्रतीक' के रूप में उभर रहे हैं।

### गोयल ने दी है ये जानकारी

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करके जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ से 12 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड राइस कर्नेल की पहली खेप कोस्टा रिका के लिए निर्यात की गई है।






एयर शो की रिहर्सल में वायुसेना का रोमांच



## कैंपस इवेंट

### आरआईएसयू कुलपति का ऑक्सफोर्ड शिखर सम्मेलन के लिए चयन



**रायपुर।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में शहर के आरआईएसयू के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीसेट्टी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। यह एक गौरव का विषय है, जहां 21 नवंबर को होने वाले 'भारतीय संदर्भ में नेतृत्व' विषय पर मुख्य भाषण के लिए डॉ. जवाहर का चयन किया गया है। यह शिखर सम्मेलन लेक्चर थिएटर, एचबी एलन सेंटर, केबल कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंस विलियम, प्रिंस ऑफ वेल्स द्वारा किया जाएगा। आरआईएसयू के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीसेट्टी भारत के तेजी से विकसित हो रहे, आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य में नेतृत्व के अनूठे आयामों का अन्वेषण करेंगे, जो विविध सांस्कृतिक और व्यावसायिक दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी।

#### यूके, भारत, यूएसए, सिंगापुर के प्रतिभागी होंगे शामिल

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने कहा, भारतीय संदर्भ में नेतृत्व सदियों की दार्शनिक परंपरा में निहित मूल्यों को समाहित करता है, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक की गतिशीलता के साथ संयुक्त है। ऑक्सफोर्ड में एक प्रतिष्ठित मनोवैज्ञानिक और शैक्षणिक नेता द्वारा इन दृष्टिकोणों को साझा करना आधुनिक नेतृत्व पर वैश्विक बातचीत को समृद्ध करेगा। समिट में यूके, भारत, यूएसए, सिंगापुर, यूएई और कई अन्य देशों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसमें पारंपरिक भारतीय प्रबंधन दर्शन और उनकी समकालीन प्रासंगिकता, भारत के डिजिटल परिवर्तन के दौरान नेतृत्व, विविध सांस्कृतिक संदर्भों में समावेशी संगठनों का निर्माण, उभरती अर्थव्यवस्थाओं में लाभ और उद्देश्य को संतुलित करना और भारतीय नेतृत्व मॉडल में भावनात्मक बुद्धिमत्ता की भूमिका जैसे प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख किया जाएगा।

## सिटी इवेंट

### समय पर संक्रमण की पहचान और प्रभावी रोकथाम पर चर्चा



**रायपुर।** स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण के रोकथाम और उससे जुड़ी जानकारी देने के लिए राजधानी में दो दिन संभाग स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य संक्रमण के प्रसार को रोकना और उपचार प्रक्रियाओं को अधिक सुरक्षित बनाते हुए रोगी की सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। इसका उद्घाटन संयुक्त संचालक डॉ. पी. महेश्वर ने किया। आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला और यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह के अगवाई में यह आयोजन किया गया। इसमें संभाग के जिलों से चिकित्सा अधिकारी ही नहीं नर्सिंग अधिकारी और जिला आरएमएनसीएच सलाहकार भी शामिल हुए। प्रतिभागियों को मानक सावधानियों के रूप में स्वच्छ हाथ, पीपीई के सही उपयोग, सुरक्षित इंजेक्शन, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और डेटा प्रबंधन पर गहन तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

#### कौशल विकसित करने पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर संक्रमण की पहचान, निगरानी और प्रभावी नियंत्रण से जुड़े उपायों को अपनाते हुए अस्पताल जनित संक्रमण की घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान केस स्टडी, समूह चर्चाएं और व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों ने वास्तविक परिस्थितियों में समाधान खोजने और लागू करने का कौशल विकसित करने पर जोर दिया। सत्रों में इस तथ्य पर बल दिया गया कि संक्रमण नियंत्रण केवल संस्थागत दायित्व नहीं, बल्कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी भी बनती है। प्रशिक्षण का मुख्य संदेश था "स्वच्छ हाथ, सुरक्षित अस्पताल और स्वस्थ छत्तीसगढ़।"

## लाइव इवेंट

### प्रकाश पर्व पर खालसाई शान से आज सजेगा दीवान, रमेगी संगत



रायपुर। सिखों के प्रथम गुरु, गुरुनानक देव का 557वां प्रकाश पर्व बुधवार को खालसा स्कूल में धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे से दीवान शुरू होगा, जो दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद शाम साढ़े 7 बजे से रात 12 बजे तक लंगर और दीवान का हिस्सा बनने के लिए समाजजन सपरिवार पहुंचेंगे। संगत को गुरुवाणी से निहाल करने के लिए अमृतसर से भाई जनरैल सिंग और भाई गगन सिंग का जत्था कीर्तन करने रायपुर पहुंचा। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी स्टेशन रोड के सचिव तेजिंदर सिंह होरा ने बताया कि रागी जत्थे का स्वागत रेलवे स्टेशन में किया गया। इसके पहले खालसा स्कूल परिसर में भव्य डोम को सुसज्जित करने का दायित्व कोलकाता से आए कारीगरों को दिया गया था। उनकी टीम ने देर शाम तक आयोजन स्थल को आकर्षक स्वरूप दिया।

#### मानवता का संदेश अपनाने का आव्हान

प्रकाश पर्व पर छत्तीसगढ़ सिख फोरम के संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया ने सभी जनमानस से गुरुनानक देव द्वारा दिए गए मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। वहीं छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा व हरमीत सिंह होरा ने छत्तीसगढ़वासियों से 'बाबा नानक शाह फकीर, हिंदुओं का गुरु, मुसलमानों का पीर' इस कहावत को साकार करते हुए सर्व धर्म सद्भाव का संदेश देते हुए आपसी भाईचारा और सौहार्द्र के साथ सभी पर्व मनाने हुए एकता की मिसाल पेश करने का आग्रह किया है।



# 10 हजार फीट की ऊंचाई पर बना 'हार्ट'

# जेट्स की रफ्तार ने बढ़ाई धड़कनें



**सुबह ठीक 10 बजे जैसे ही भारतीय वायुसेना के पांच जेट्स जब खुले आसमान में तेज रफ्तार से सेंध जलाशय के ऊपर से गुजरे तो पूरे क्षेत्र में गर्जना-सी सुनाई दी। यह मौका था सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम के एयर शो रिहर्सल का, जहां वायुसेना के जांबाज जवानों ने एक से बढ़कर एक हवाई करतब दिखाए। कभी जेट्स एक-दूसरे के बेहद करीब से गुजरे तो कभी हजारों फीट की ऊंचाई से पैराशूट के सहारे छलांग लगाकर जवानों ने सबको हैरत में डाला। करीब 40 मिनट तक चले इस रिहर्सल शो ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। लोगों ने आसमान में उड़ते जेट्स को देखकर देशभक्ति का जोश महसूस किया।**



*बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगा एयर शो, घर से चश्मा, टोपी और पानी बोतल साथ लेकर जाएं*

**रायपुर।** हेलीकॉप्टर से रस्सी के सहारे उतरते जवानों की परफॉर्मेंस और पैराशूट लैंडिंग शो का मुख्य आकर्षण रही। आयोजन टीम के मुताबिक फाइनल शो बुधवार को सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगा। टीम ने दर्शकों से अपील की है कि वे धूप से बचाव के लिए चश्मा, टोपी और पानी की बोतल साथ लेकर आएं, क्योंकि आसमान में जेट्स की कलाबाजियां तेज धूप में होंगी।

### देशभक्ति के रंगों में रंगा आसमान

एयर शो रिहर्सल में भी लोगों में जमकर उत्साह देखने को मिला। 5 हजार से भी अधिक स्कूली बच्चे समय से पहले ही यहां पहुंच गए थे। रिहर्सल के दौरान टीम ने बॉम्ब बर्स्ट, हार्ट-इन-द-स्काई, लूप, एरोहेड जैसे रोमांचक फार्मेशन में प्रदर्शन किया। सूर्य किरण टीम के नौ हॉक फाइटर जेट्स ने लगभग 40 मिनट तक लगातार आसमान में करतब दिखाए। टीम बॉम्ब बर्स्ट, हार्ट-इन-द-स्काई, लूप, एरोहेड जैसे रोमांचक फार्मेशन बनाएगी। इस दौरान टीम ने आसमान में ही तिरंगा भी लहराया। लाल-सफेद रंगों में रंगे इन जेट्स के उड़ान भरते ही रायपुर का आसमान देशभक्ति के रंगों में सराबोर हो गया। इस शो को मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ 20-25 किमी से आसानी से देखा गया।

**ये है सूर्य किरणः** जिस तरह सूर्य की किरण सारी धरती पर अपना प्रकाश फैलाती है, उसी तरह यह टीम हर जगह जाकर पॉजिटिविटी, देशप्रेम, सेना और अपने देश के प्रति गौरव की भावना जगाती है। इसलिए इसका नाम सूर्य किरण रखा गया है। टीम ने अब तक 700 से ज्यादा शो किए हैं।



### टीम में 12 फायटर पायलट, नौ उड़ान भरेंगे

आज नौ विमान उड़ान भरेंगे, लेकिन किसी भी तरह की विशेष परिस्थिति से निपटने के लिए चार पायलट अतिरिक्त रूप से दल में शामिल किए गए हैं। प्रदर्शन के दौरान वायुसेना की फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधू कमेंट्री करेंगी। बता दें कि सूर्य किरण टीम के 140 सदस्य रायपुर पहुंच चुके हैं। इस टीम में 12 फायटर पायलट, 3 इंजीनियर और ग्राउड स्टाफ हैं। छत्तीसगढ़ की जनता सूर्य किरण टीम की हवाई कलाबाजियों को इतने करीब से दूसरी बार देखेगी। इससे पहले साल 2009 में बूढ़ातालाब के ऊपर एयर-शो हुआ था।

### हैलिकॉप्टर से रस्सी पर लटके जवान उतरे नीचे

एयर शो के दौरान उस वक्त रोमांच और भी बढ़ गया, जब हेलिकॉप्टर से भारतीय सेना के जवान रस्सी के सहारे नीचे उतरते नजर आए। जैसे ही जवान आयोजन स्थल पर फुर्ती से उतरे, माहौल एकदम अलर्ट मोड में आ गया। मानो कोई वास्तविक ऑपरेशन चल रहा हो। जवानों ने जमीन पर उतरते ही पूरे क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले लिया और फिर शुरू हुआ अगला हैरतअंगेज नजारा हैलिकॉप्टर ने दोबारा उड़ान भरी और उसी रस्सी के सहारे 5 से ज्यादा जवान हवा में लटकते हुए वापस जाते दिखे। तेज हवा, ऊंचाई और सिर्फ एक रस्सी के सहारे हवा में लटकते इन जांबाजों को देख कर हर किसी की सांसें थम गईं। ये सिर्फ एक करतब नहीं था, ये था भारतीय सेना का दम, फुर्ती और साहस का लाइव प्रदर्शन।

### आकाश गंगा के जांबाज 10 हजार फीट से लगाएंगे जंप



एयर शो का सबसे रोमांचक आकर्षण होगा वायुसेना की आकाश गंगा पैराट्रूपर टीम का प्रदर्शन। यह विशेष कमांडो टीम 10 हजार फीट की ऊंचाई से फ्री फॉल जंप करेगी। इस तकनीक में जवान विमान से बिना पैराशूट खोले नीचे आते हैं और तय ऊंचाई पर आकर पैराशूट खोलते हैं। यह तकनीक विश्व की प्रमुख स्पेशल फोर्सेज द्वारा गुप्त अभियानों में उपयोग की जाती है।

### जब आसमान से अचानक पैराशूट में उतरे जवान



एयर शो के दौरान उस वक्त सभी की नजरें थम गईं, जब आसमान की ऊंचाइयों से पैराशूट के सहारे जवान नीचे उतरते नजर आए। कुछ पल के लिए हर किसी के मन में सवाल था कि ये कहां से आ रहे हैं? दरअसल, भारतीय वायुसेना के जांबाज जवानों ने करीब 10,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई थी। ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि छलांग लगाते वक्त किसी को दिखाई तक नहीं दिया, लेकिन जैसे-जैसे जवान आयोजन स्थल के करीब आते गए, लोग हैरानी और रोमांच के साथ उन्हें निहारते रह गए। 3 से 4 मीटर के भीतर की सटीक लैंडिंग ने लोगों को दंग कर दिया। यह पल न सिर्फ दर्शकों के लिए हैरान करने वाला था, बल्कि एक यादगार अनुभव भी बन गया।

**खारुन नदी में आज आस्था की डुबकी लगाएंगे.श्रद्धालु, महादेवघाट तट पर पुन्नी मेले की आयोजन समिति ने की तैयारी**

कार्नर न्यूज

# पुन्नी मेला आज से, बच्चों के लिए इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों का बाजार

# झूलों की श्रृंखला से सजेगा मेला, महकेगी स्वादिष्ट व्यंजनों की सुगंध

**रायपुर।** 'कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने के लिए बुधवार से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने वाला है। इसके लिए खारुन नदी क्षेत्र की व्यवस्था को मंगलवार शाम चाक-चौबंद किया गया। साज-श्रृंगार के साथ मेला घूमने के लिए आने वाले बच्चों के लिए इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों की ही नहीं, बल्कि झूलों की श्रृंखला भी सजकर तैयार है। मिठाईयों और व्यंजनों की सुगंध भी लोगों को आकर्षित करने वाली है। इसके लिए महादेवघाट क्षेत्र में दुकानें सजकर तैयार हैं। वहीं आस्था की डुबकी लगाने वालों को हाटकेश्वर महादेव के दर्शन 4 बजे भोर से मिलेंगे।'खारुन नदी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को महादेवघाट के आसपास रंगबिरंगे खिलौनों, मेवा-मिठाई और देसी व्यंजनों की सुगंध उन्हें पुराने दिनों की याद दिलाने वाली है। यहां मिठाई और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की सुंगध तीन दिवसीय मेला उत्सव को खास बनाने वाली है। जिन लोगों ने बचपन में मेले का आनंद लिया है, उनको इस दोहरी खुशी देने वाले मेले का इंतजार हर साल रहता है। गांवों में लगने वाले पारंपरिक हाट-बाजारों की तरह ही दुकानें सजकर तैयार हैं। चूल्हे की आंच पर तैयार किया गया नमकीन घर के बुजुर्गों और पुरानी रसोई की याद दिलाने वाला है। मेले में स्थानीय दुकानदारों के साथ दूसरे राज्यों से आए व्यापारियों ने भी दुकानों की श्रृंखला सजाई है। तीन दिनों तक चलने वाले इस पारंपरिक मेले में लोगों को आधुनिकता का भी एहसास करवाने का प्रयास व्यापारियों द्वारा किया गया है। दोनों तरह के सामान से अपनी दुकानें सजाई हैं। यहां वस्तुओं की कीमतें शहर के बाजारों की तुलना में काफी कम हैं।









### हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज

खारुन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन एवं कार्तिक पुन्नी मेला समिति की ओर से रात्रि जागरण का भव्य आयोजन किया गया। मंगलवार को ढोल-बाजा की धुन पर भव्य खारुन महाआरती का आयोजन किया गया, जहां लोक कलाकारों ने पारंपरिक व सांस्कृतिक लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान माते रहिबे माते रहिबे माता रहिबे जी..छुनुर छुनुर पैरी बाजे रे गोरी...भोला भंडारी...जैसे पारंपरिक लोकगीतों पर लोक मंजरी लोककला मंच एवं जागरण समिति और लोक पुरानिक लहर गंगा के सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



### ब्रह्ममुहूर्त से शुरू होगा पवित्र स्नान

बुधवार को श्रद्धालु ब्रह्ममुहूर्त में खारुन नदी में पवित्र स्नान करेंगे। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर इस दिन खारुन नदी में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती हैं। स्नान के बाद श्रद्धालु महादेव मंदिर में मंगल आरती और पूजन-अनुष्ठान में शामिल होंगे।

### मेले में सजी पायल-बिछिया की दुकान

घाट किनारे विनोद सिंह ठाकुर ने आर्टिफिशियल पायल और बिछिया का स्टॉल सजाया है, जहां मात्र 20 रुपए से खरीदारी की जा सकती हैं। बातचीत के दौरान दुकान संचालक ने बताया कि बीते 5-10 सालों से लगातार पुन्नी मेला में दुकान सज रही है। जहां गांव की महिलाएं खरीदारी करना पसंद करती हैं। चांदी की बढ़ती कीमत के कारण दुकान में खरीदारी अच्छी होती है। यहां 50-100 रुपए में डिजाइनर पायल दुकान में मिल जाती है।

धर्म लाइव

## दिव्य सत्संग महोत्सव में 9 को संत सुनाएंगे झूलेलाल की कथा



**रायपुर।** संत साईं लालदास का दिव्य सत्संग महोत्सव इस साल भी 9 नवंबर को शहर के न्यू राजेंद्र नगर केनाल रोड स्थित 56 फीट मूर्ति स्थल के पास होगी। बाबा गुरमुखदास सेवा समिति के तत्वावधान में 20वें वर्ष भी संत शिरोमणि साईं लालदास द्वारा दिव्य सत्संग महोत्सव में एक दिवसीय भगवान झूलेलाल कथा का अयोजन किया जा रहा है। समिति के सेवादारी सुभाष बजाज, सुनील रामवानी, नरेश भोजवानी और गुरमुखदास आहूजा ने बताया कि शाम 7 बजे द्रोणाचार्य स्कूल के पास संत लालदास का भव्य स्वागत समाज द्वारा किया जाएगा। भव्य शोभायात्रा के रूप में लोग आयोजन स्थल पहुंचेंगे। समिति के महिला विंग द्वारा पुष्पवर्षा कर आरती की जाएगी। इसके बाद सांई लालदास भगवान झूलेलाल प्रतिमा के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर सत्संग की शुरुआत करेंगे।

### समाज को सेवा और सत्संग का बताएंगे महत्व

सत्संग के बाद भगवान झूलेलाल साईं की आरती और दिव्य प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने राजधानी के अलावा भिलाई, दुर्ग, राजनांदगाव, धमतरी,भाटापारा, बिलासपुर, तिल्दा, गोंदिया, नागपुर, अमरावती से भी श्रद्धालु साईं का दर्शन एवं सत्संग का हिस्सा बनने के लिए आएंगे। कथा द्वारा किए गए चमत्कारों का वर्णन व मानव सेवा का जिक्र दिव्य सत्संग के माध्यम से किया जाएगा। सिंधी और हिंदू धर्म का प्रचार-प्रसार का दायित्व भी संत साईं निभा रहे हैं। 22 नवंबर को चालीहो मनाने एवं मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना की विधि भी बताएंगे।

### व्यापारी संघ का दीपावली मिलन संपन्न

*अवंति विहार व्यापारी संघ का दीपावली मिलन समारोह मंगलवार को अवंति विहार में संपन्न हुआ, जिसमें सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देकर मंगलमय जीवन की कामना की। उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की, जिससे व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके। राठी ने बताया कि संघ द्वारा व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक कमलचंद जैन, संतोष श्रीवास्तव, राम सचदेव, उपाध्यक्ष सुजीत परिहार, सुब्रत घोष, महामंत्री किशोरचंद्र नायक, कोषाध्यक्ष इंदरपाल सिंह तोमर, अशोक श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, अजय पाणिकर, अमूल झालोकर, लक्ष्मण कुकरेजा, माधव संतवानी, शिवम वैश्य, लोकेश साधवानी, चेतन कटोले, राजेश दुलानी, शिवम गुप्ता, सत्यनारायण सेन, संजय तन्ना,आकाश सहित अनेक व्यापारी शामिल रहे।*

● राज्योत्सव के चौथे दिन बॉलीवुड सिंगर अंकित तिवारी और छालीवुड सिंगर प्रकाश अवस्थी की मधुर आवाज से सजी महफिल

# सुन रहा है ना तू... छईंया भुइयां ल छोड़ जवइया... बॉलीवुड-छालीवुड सिंगर्स के गीतों ने मचाई धूम

**राज्योत्सव के चौथे दिन मंगलवार को मुख्य सांस्कृतिक मंच पर छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और बालीवुड सांग्स की मनमोहक सुर लहरियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात्रि 9 बजे बॉलीवुड सिंगर अंकित तिवारी की रूहानी आवाज में जब नवा रायपुर की फिजां में तेरी गलियां...और सुन रहा है ना तू, कतरा कतरा मैं जीयूं....जैसे गीतों को जादू भरी आवाज में पेश किया तो दर्शक होश खो बैठे। अंकित के रूहानी गीतों में डूबकर दर्शक देर रात तक झूमते रहे।**



**रायपुर।** लोक कलाकार प्रकाश अवस्थी की स्टार नाइट ने अपने लोकप्रिय फिल्म टूरा रिक्सा वाला के हिट सॉग से एंट्री की, उन्होंने राजू रिक्सा वाला मोर नांव गा....टूरा रिक्सा वाला.....छईंहा भुइयां ल छोड़ जवईया तै थिराबे कहां रे......जैसे लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गीतों से समां बांध दिया। इसके अलावा पहले शाम 6 बजे कला केंद्र रायपुर बैण्ड के राहुल ठाकुर व टीम ने चोला माटी के हे राम, ऐखर का भरोसा चोला माटी के हे रे.....रेखा देवार के लोकगीत के रूप में मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बारम्बार प्रणाम हे....जैसे लोकप्रिय लोकगीतों की प्रस्तुति से लोक कलाकारों व हिंदी सिंगर्स दोनों की धमाकेदार प्रस्तुतियों से मुख्य सांस्कृतिक मंच की दर्शक दीर्घा में माहौल बन गया। चौथे दिन मुख्य सांस्कृतिक मंच से लेकर शिल्पग्राम तक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कलाकार पूरे राज्योत्सव में महफिल लूट ले गए। दर्शकों ने भी कलाकारों के गीतों को दिल से सुनकर उनका उत्साह दोगुना कर दिया। इसके चलते कुल मिलकार गीत-संगीत की एर्जिटिक परफॉर्मेंस मंच पर देखने को मिली।



### लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक मंच पर दी प्रस्तुति

शिल्पग्राम के मंच पर भुमिसूता मिश्रा ने ओडिसी नृत्य-संगीत से, लोक कलाकार चैतूराम तारक ने नाचा की प्रस्तुति से, आशना दिल्लीवार ने कथक नृत्य, पुष्पा साहू ने लोक संगीत, महेंद्र चौहान ने पण्डवानी, प्रीति गोस्वामी ने कथक, पृथा मिश्रा ने शास्त्रीय गायन, महेश साहू ने लोकमंच, विजय चंद्राकर ने लोक संगीत व तिलक राजा साहू लोकधारा ने एक के बाद एक शिल्पग्राम के सांस्कृतिक मंच पर लोककला की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक मंच पर जमकर धूम मचाई।

### शिल्पग्राम में दर्शकों की उमड़ रही भीड़

राज्योत्सव मेला स्थल के शिल्पग्राम में सजे सांस्कृतिक मंच व हस्तशिल्प स्टॉल पर दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। यहां पर लोग परिवार के साथ सजावट के सामान, कपड़े, बच्चों के खिलौने, खाने-पीने की सामग्री खूब खरीद रहे हैं। साथ ही सांस्कृतिक मंच पर लोक गीत-संगीत का आनंद भी उठा रहे हैं। शिल्पग्राम में टेराकोटा, माटीकला शिल्प, बांस शिल्प, हथकरघा शिल्प समेत बस्तर, सरगुजा, बीजापुर, गरियाबंद आदि विविध जिलों की क्षेत्रीय शिल्पकला के कारीगरों की आकर्षक कलाकृतियों, नक्काशी में छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति, आदिवासी समुदायों की जीवनशैली झलक रही है।







### संगीत घर से मिला मंच ने पहचान दी

अंकित तिवारी ने बताया कि संगीत उनके खून में है। "मेरी मां जगराता करती थीं और पिता भी भजन-कीर्तन में हिस्सा लेते थे। बचपन में जब मैं मां के साथ जगराता में जाता था, तभी से संगीत से मेरा लगाव बढ़ता गया। किसी खास ट्रेनिंग से नहीं, बल्कि घर के माहौल से ही संगीत की लय मेरे भीतर बस गई।" उन्होंने कहा कि शुरुआती दिनों में एक रेडियो स्टेशन में काम किया, जिसने उन्हें माइक और आवाज की ताकत समझाई। उन्होंने खुलासा किया कि शुरुआती दौर आसान नहीं था। "मैं सारेगामा और इंडियन आइडल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म तक पहुंचा, लेकिन मेरा चयन नहीं हुआ। उस वक्त बहुत निराशा हुई, लेकिन मैंने ठान लिया कि संगीत को छोड़ूंगा नहीं। आज आप सबके सामने हूं, क्योंकि मेरे कुछ गाने रिलीज हो चुके हैं और लोगों ने उन्हें पसंद किया है।

### छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा यहां के लोगों की सादगी व अपनेपन को चरितार्थ करता है



परफॉर्मेंस से पहले अंकित तिवारी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने हमेशा सुना था, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, और आज जब यहां आया तो महसूस किया कि यह सिर्फ नारा नहीं, बल्कि लोगों की सादगी और अपनापन की सच्ची तस्वीर है। अंकित ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें बहुत कम मौकों पर मीडिया से ऐसे सहज माहौल में बात करने का अवसर मिलता है। यह मेरा सौभाग्य है कि राज्योत्सव जैसे बड़े मंच पर आने से पहले मैं अपने अनुभव साझा कर पा रहा हूं। उन्होंने प्रेसवार्ता में सवालों के जवाब कुछ इस तरह दिए।





# श्री गुरूनानक देव जी (प्रकाश पर्व) दी लख-लख बधाईयां

## प्रसंग - सतिगुरू नानक प्रगटिआ

सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू श्री गुरू नानक देव जी का आगमन 1469 ई. में पिता ''महिता कालू चंद जी'' तथा माता ''त्रिपताजी'' के घर तलवंडी ''राय भोंए'' नामक गांव में हुआ। उनके आगमन से ही सारा ''जग जगमगा'' उठा।

श्री गुरू नानक देव जी का प्रकाश मानव कल्याण के लिए ही हुआ था। उस समय भारत ऐसा भूखंड था, जहां विदोशी हमलावारो के अत्याचारो से लोग जिंदगी के पल गिन गिन कर काट रहे थे। इस हमले में स्त्रियों की दुर्दशा होती जा रही थी। धर्म तथा ईमान कुछ भी नहीं था। बाबा नानक जी को यह भी चिंता थी कि भारतीय समाज के टुकड़े टुकड़े ना हो जाये।

''नानक दुखिया सब संसार''

इस संसार मे सभी प्राणी दुखी थे। चारो ओर हाहाकार मचा हुआ था। ''जो जो दीसै सो सो रोगी''

अर्थात जो भी दिखाई देता है वह रोगी है। रोग कैसे मुक्त हो सकता है। इसका समाधान श्री गुरूनानक देव जी ने समझाया।

''सुणिये दुख पाप का नास'' अर्थात परमात्मा का नाम लेने और सुनने से दुख दूर हो जाते है।

श्री गुरूनानक देव जी हमेशा अकाल पुरख की बदंगी करने पर जोर देते रहे। उन्होनें मेहनत की कमाई पर जोर दिया।

'' किरत करो, नाम जपो, वंड छकों''

इसी मे मानव जीवन मूल्यवान बनता है।

श्री गुरूनानक देव जी जहां भी गये उन्होनें पवित्र जीवन जीने को कहा। मनुष्य के अपने कर्मो का फल भी उन्हीं के अनुसार मिलता है। इसलिए श्री गुरूनानक देव जी ने बार बार जाप पर बल देते रहें।

बाबा नानक का संदेश था - ''दुख मे ही क्यों सुख मे भी प्रभु के नाम का जाप करना चाहिए'' सच्ची शांति केवल ईश्वर के चरणों में मन लगाने से ही प्राप्त होती है। हिन्दू और मुस्लमान के अंतर को मिटाने के लिए श्री गुरू नानक देव जी ने ''ना हम हिन्दू ना मुस्लमान'' का संदेश दिया। उन्होनें अपने आपको पूरी तरह से परमात्मा के आगे समर्पित कर दिया था।

करतारपुर में अपने ही हाथों से अपने खेतों में कृषि करते रहे। तेरा तेरा के मीठे बोलो से गरीब, दीन, दुखियों मे अनाज बांटते रहे और लगंर की प्रथा चलाई इस धरती को बाबा नानक ने ही सींचा।

बाबा नानक जी एक दिन वन पर्वतों की यात्रा करते हुए दीन दुखियों, दर्द मंदों का दुख दूर करने पैदल निकल पड़े। भाई मरदाना जी धर्म प्रचार के लिए की गइ यात्राओं में छाया की तरह श्री गुरू नानक देव जी के साथ ही रहते थे।

गर्मो का मौसम था, भाई मरदाना जी को बहुत प्यास लगी। आस पास कहीं दूर दूर तक पानी नहीं दिखाई दे रहा था। बाबा नानक जी ने पहाड़ी की चोटी पर नजर डाली और मरदाना जी को कहा इस पहाड़ी पर वली कंधारी नाम का एक वीर रहता है। उस कुटियां मे जाओं और वहां जाकर पानी पी आओं। भाई मरदाना जी पहाड़ी की चोटी पर पहुंचे और वली कंधारी से कहा मुझे प्यास लगी है कृपया अपने चश्में से थोड़ा पानी पीने के लिए दे दो। वली कंधारी ने कहा तुम कौन हो यहां कैसे आये?

मेरा नाम मरदाना है, मै श्री गुरूनानक देव जी का साथी हूं। गुरू जी ने मुझे यहां पानी के लिए भेजा है।

वली कंधारी ने कहा अगर तुम्हारे गुरू में इतनी शक्ति है तो क्या वह तुम्हें पानी नहीं पिला सकता? तुम्हारा गुरू स्वयं मेरे पास चलकर आये और मेरी अधीनता स्वीकार कर ले तो मैं तुम्हें पानी पिला दूंगा।


भाई मरदाना जी को कंधारी की बातें अच्छी नहीं लगी। बिना पानी पिये आ गये। श्री गुरू नानक देव जी ने दुबारा भेजा, फिर भी वली कंधारी ने पानी ना दिया, और मरदाना जी वापिस आ गये।

बाबा नानक ने कहा ''मरदानिया'' इस पत्थर को उठाओं ज्यों ही भाई मरदाना जी ने वह पत्थर उठाया, पानी का चश्मा फुट पड़ा और स्वच्छ जल की धारा बहने लगी। फिर मरदाना जी ने खूब पानी पिया और न जाने कितने थके मंदे पथिकों ने प्यास बुझाई। कुछ देर बार वली कंधारी को प्यास लगी। वह चश्में के पास पानी पीने आया तो देखा उसके चश्में का पानी समाप्त हो चुका है। उसने पहाड़ी के नीचे झांक कर देखा कि ''बाबा नानक'' और भाई ''मरदाना जी'' पहाड़ी के दामन बैठे नए फुटे चश्में की लहरों का आनन्द ले रहे है।

यह दृश्य देख कंधारी आग बबूला हो गया। उसने बड़ा सा पत्थर दोनों के उपर फेंका बाबा नानक जी ने पत्थर को अपनी ओर आता देख अपना दायां हाथ पत्थर को रोकने के लिए बढ़ाया। पत्थर रूक गया और बाबा नानक जी के हाथ का पंजा उस पत्थर पर अंकित हो गया। अब वली कंधारी को बाबा नानक जी की शक्ति का एहसास हुआ और उसकी अपनी शक्ति का अहंकार जाता रहा। विनम्र होकर गुरू जी के चरणों में आ गिरा। बाबा नानक जी ने कहा तुम तो एक महान तपस्वी हो। प्रभु का नाम जपने वाले को अहंकार शोभा नहीं देता। प्यासे को पानी पिलाना तो सबसे बड़ी सेवा है। बाबा नानक ने अभिमान छोड़कर परमात्मा की भक्ति का उपदेश दिया। श्री गुरू नानक देव जी के हाथ का पंजा पत्थर पर आज भी लगा हुआ है। जहां आज गुरूद्वारा ''पंजा साहिब'' (पाकिस्तान) सुशोभित हैं।


**वाहिगुरू जी का खालसा, वाहिगुरू जी फतह**

**मनजीत कौर पसरीजा**
































**खबर संक्षेप**

## मर्चेंट एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह



**रायपुर।** मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि गोलबाजार के वरिष्ठ व्यापारी रामशरण अग्रवाल को विशिष्ट सेवा एवं छग के जाने-माने न्यूरो सर्जन एसएन मढ़रिया को उत्कृष्ट मानव सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन जितेंद्र बरलोटा, महेंद्र बागडोदिया, विमल बाफना, अजय देवांगन, बजरंग खण्डेलवाल, समाजसेवी ओमप्रकाश बरलोटा, जवाहर अग्रवाल, मनोज कंदोई, लोकेश तिवारी, अशरफ हुसैन, रजा खान, पार्षद मुरली शर्मा, शैलेष अग्रवाल, महासचिव कलीराम साहू, अनिल शर्मा सहित एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा प्रकोष्ठ स्थापना दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के युवा प्रकोष्ठ का स्थापना दिवस खम्हारडीह स्थित सतनाम भवन में मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के युवा कार्यक्रम में शामिल हुए। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया स्थापना दिवस पर युवा साथियों के टीम नियुक्ति की गई, साथ में संगठन विस्तार के साथ अनुशासन नियमावली के तहत आगे कार्य करने के लिए निर्णय लिया।
इस मौके पर नवनिर्वाचित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। युवा प्रकोष्ठ स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, कार्यकारी अध्यक्ष जीतू नवरंग, कोर कमेटी सदस्य डिकेंस टंडन, हेमलाल भारती महामंत्री,राजा बंजारे, सी एल जोशी प्रदेश सचिव राकेश बघेल प्रभारी संजय सारंग संरक्षक मोना खांडे उत्तर विधानसभा अध्यक्ष उमेश बर्मन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र रात्रे सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

## ट्रेन दुर्घटना, प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग

**रायपुर।** बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी की टक्कर हो गई। जहां दुर्घटना में कई यात्रियों की हताहत होने की खबर सामने आई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दुर्घटना से प्रभावित सभी यात्रियों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शासन से मुआवजा देने की मांग की है।

## इंटर स्कूल वॉलीबाल प्रतियोगिता 7 से

**रायपुर।** सिटी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से 7 और 8 नवंबर को सप्रे शाला वॉलीबाल ग्राउंड बूढ़ापारा में स्व. लालजी निषाद स्मृति इंटर स्कूल वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सचिव जनकराम यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ स्तर पर होगी, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग प्रतिभागी होंगे।

# खेलो इंडिया... तकनीकी विवि में बनेगा मध्य भारत का सबसे बड़ा इंडोर स्टेडियम

**पीडब्ल्यूडी को जिम्मा, बिहार में बने इंडोर स्टेडियम की तर्ज पर निर्माण की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर इंडोर स्टेडियम तैयार किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत मध्य भारत का सबसे बड़ा इंडोर स्टेडियम स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में बनने जा रहा है। सीएसवीटीयू प्रबंधन द्वारा इस संदर्भ में तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। छात्रों को कुछ सत्र के अंतराल में इसका फायदा मिल सके। सूत्रों के अनुसार, इसके निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिया जाएगा। बिहार में खेलो इंडिया के अंतर्गत निर्मित इंडोर स्टेडियम की तर्ज पर ही इसका भी निर्माण किया जाएगा। बिहार में जिस ड्राइंग-डिजाइन के आधार पर इंडोर स्टेडियम का निर्माण हुआ, उसी तर्ज पर यहां भी निर्माण होगा। विवि परिसर की जमीन ही इसके लिए चिन्हांकित की गई है। ना केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत में खेलो इंडिया के अंतर्गत इतने बड़े पैमाने पर इंडोर स्टेडियम का निर्माण अब तक नहीं हो सका है। गौरतलब है कि यूथ को शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने तथा स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया लॉन्च किया गया था। इसके अंतर्गत कई तरह की खेल प्रतिस्पर्धाएं होती हैं। खेलो इंडिया योजना के तहत देश भर में कई इंडोर स्टेडियम और खेल के बुनियादी ढांचे का निर्माण और उन्नयन किया जा रहा है। संबंधित राज्य के स्थानीय खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि लोक खेलों को बढ़ावा मिल सके।

### एकत्र कर रहे हैं खिलाड़ियों का डाटा

खेल मंत्रालय ने उन खिलाड़ियों की सूची विवि प्रबंधन से मांगी है, तो दुर्ग जिले में निवासरत हैं। इसके माध्यम से यह डाटा जुटाया जा रहा है कि अधिकतम कितने खिलाड़ियों को इस इंडोर स्टेडियम का लाभ मिल सकेगा। ना केवल सीएसवीटीयू में अध्ययनरत छात्र बल्कि दुर्ग जिले के सभी खिलाड़ियों की जानकारी एकत्र कर खेल मंत्रालय को भेजी जाएगी। विवि इसे अपने खिलाड़ी छात्रों के इतर अन्य खिलाड़ियों के साथ भी स्टेडियम को साझा करेगा।




### केंद्र व राज्य मिलकर उठाएंगे खर्च

विश्वविद्यालयीन सूत्रों के अनुसार, स्टेडियम निर्माण में लगने वाली का भुगतान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। हालांकि निर्माण के बाद रख-रखाव संबंधित जिम्मेदारी विवि प्रबंधन की ही होगी। स्टेडियम का ड्राइंग-डिजाइन भी पीडब्ल्यूडी को शीघ्र प्रेषित किया जाएगा, ताकि वे इसके निर्माण की रूपरेखा तैयार कर लागत सहित अन्य जानकारियां साझा कर सकें। विश्वविद्यालयीन स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्धाओं में भी उक्त स्टेडियम का लाभ उठाया जा सकेगा।

## अखिल भारतीय सेवा के अफसरों को महंगाई भत्ता, राज्य शासन ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को महंगाई भत्ता देने संबंधी आदेश राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) द्वारा 1 जुलाई, 2025 में 55प्रतिशत से 58 प्रतिशत पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि अखिल भारतीय सेवायें (मंहगाई भत्ता) नियम, 1972 के नियम-3 के तहत पुनरीक्षित दरें अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को लागू हो गई है। इसलिए राज्य शासन, राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को 1 जुलाई, 2025 से पुनरीक्षित दरों में महंगाई भत्ता भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान करता है।

### नकद में मिलेगा महंगाई भत्ता

महंगाई भत्ते के संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि देय महंगाई भत्ते का भुगतान 1 जुलाई 2025 में नकद दिया जावेगा।महंगाई भत्ते की गणना वेतन मैट्रिक्स में निर्धारित लेवल में आहरित वेतन के आधार पर की जावेगी। इसमें विशेष वेतन, व्यक्तिगत वेतन शामिल नहीं होगा। महंगाई भत्ते का कोई भाग मूलभूत नियम 9(21) के अन्तर्गत वेतन नहीं माना जायेगा। इस आदेश के विपरीत अधिक भुगतान पाये जाने की दशा में अधिक भुगतान की रात्रि संबंधित भुगतान पाने वाले अधिकारी से वसूली योग्य होगी।

एरियर्स के देयक उसी कार्यालय द्वारा बनाये जायेंगे, जहां ने उक्त अवधि के लिए संबंधित अधिकारी का वेतन आहरण किया गया हो।

**मध्य और गरीब वर्ग की आज भी पहली पसंद 22 और 20 कैरेट के गहने**

# छत्तीसगढ़ में भी बिकने लगे 9 और 14 कैरेट सोने के गहने, अभी डिमांड कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

सोने की लगातार बढ़ती कीमत के कारण अब कम कैरेट वाले जेवरों का चलन बढ़ता जा रहा है। महानगरों में तो पहले से ही 14 कैरेट सोने के जेवरों का क्रेज है। अब तो हॉलमार्क ने 9 कैरेट सोने के जेवरों को भी मान्यता दे दी है।
जहां तक अपने राज्य छत्तीसगढ़ का सवाल है, तो यहां पर पहले 14 कैरेट के जेवर पहले से ही नहीं चलते थे, ऐसे में लगा था कि 9 कैरेट के जेवर भी यहां नहीं चलेंगे, लेकिन सोने के दाम जिस तरह से सवा लाख के पार चले गए हैं, उसके बाद राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के कुछ बड़े शहरों में अब 9 और 14 कैरेट के गहने बिकने लगे हैं। धनतेरस में इस बार इन गहनों की डिमांड रही, लेकिन अभी इसकी ज्यादा डिमांड नहीं है राजधानी रायपुर के सराफा कारोबारियों के मुताबिक अपने प्रदेश के लोग कम शुद्धता वाले सोने के जेवर ज्यादा पसंद नहीं करते। मध्य और गरीब वर्ग ज्यादा शुद्धता वाले सोने के जेवर इसलिए पसंद करते हैं, ताकि वक्त पड़ने पर उसको बेचने की स्थिति में ज्यादा पैसे मिल सकें। कम शुद्धता वाले जेवरों का क्रेज अमीर वर्ग में ज्यादा है, जो कई डिजाइन के जेवर रखते हैं और उनको इसको कभी बेचने की जरूरत नहीं पड़ती। यहां भी ऐसे जेवरों की खरीदारी उच्च वर्ग ज्यादा कर रहा है। सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। अब को इसकी कीमत लंबे समय से सवा लाख के पार है। इस बार धनतेरस पर इसके दाम एक लाख 32 हजार हो गए थे, इसके बाद इसके दाम कम हो गए और इस समय इसके दाम सवा लाख रुपए हैं। वैसे 24 कैरेट सोने के जेवर आमतौर पर नहीं बनते हैं।

### 14 और 9 कैरेट के जेवरों की आ रही डिमांड

रायपुर में भी 14 और 9 कैरेट के जेवरों की डिमांड आ रही है। हम लोग भी इसको बना रहे हैं। धनतेरस पर भी ये जेवर बिके हैं। आने वाले समय में इसकी डिमांड बढ़ने की संभावना है।
- त्रिलोकचंद बरड़िया, सराफा कारोबारी



### किसमें कितनी शुद्धता

सोने में शुद्धता की बात की जाए तो करीब सौ फीसदी खरा सोना 24 कैरेट को ही माना जाता है। इसमें शुद्धता का प्रतिशत 99.9 रहता है। इसके बाद 23 कैरेट का नंबर आता है। इसकी शुद्धता 95.8 फीसदी रहती है। 22 कैरेट सोने में 91.06, 20 कैरेट में 83.03, 18 कैरेट में 75.00 फीसदी, 14 कैरेट में 58.05 और 9 कैरेट सोने में 37.5 फीसदी शुद्धता रहती है।

### आज भी 22 और 20 कैरेट के जेवरों का क्रेज

अपने राज्य छत्तीसगढ़ में 22 और 20 कैरेट सोने के जेवरों का ही चलन ज्यादा है। वैसे 18 कैरेट सोने के भी जेवर बनते हैं, लेकिन इसका उपयोग नग वाले जेवर बनाने के लिए किया जाता है। अब सोने की कीमत ज्यादा होने पर इसके दूसरे जेवर भी बनने लगे हैं। 18 कैरेट से नीचे वाले कैरेट 14 और 9 कैरेट के जेवर अब यहां चलन में आ तो गए हैं, लेकिन इसकी अभी ज्यादा डिमांड न होने के कारण यहां पर गिनती के ही बड़े कारोबारी इसको बना रहे हैं।

## आरक्षक भर्ती परीक्षा 17 से 19 तक, दो साल पहले जारी हुआ था विज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के तहत 17 से 19 नवंबर तक नौ जिलों में परीक्षा आयोजित की गई है। खास बात ये है कि इस सीधी भर्ती के लिए अब से दो साल पहले विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद से भर्ती प्रक्रिया अब भी धीरे-धीरे चल रही है।

■ रायपुर सहित नौ जिलों में परीक्षा

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई है। यह प्रक्रिया अभी भी चल रही है। भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आरक्षक (चालक) एवं आरक्षक (ट्रेडमेन) के पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट दिनांक 17. नवंबर से 19 नवंबर को रायपुर, धमतरी, दुर्ग, खैरागढ़, बिलासपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव में निर्धारित परीक्षा स्थलों में आयोजित किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा इस संबंध में कहा गया है कि परीक्षा संबंधी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से संपर्क किया जा सकता है।

### भर्ती प्रक्रिया गुजरी है कई पेंच से

पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा 4 अक्टूबर 2023 को जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था। हालांकि, अपरिहार्य कारणों से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसे फिर से शुरू किया गया। जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के कुल पद 5967 (यह शुरुआती संख्या है, भर्ती प्रक्रिया के दौरान यह संख्या कुछ अलग हो सकती है।

## अमित बघेल के विरुद्ध थाने में एक और शिकायत, एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



क्रांति सेना संगठन के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा विभिन्न समाजों के गुरु, महाराज एवं भगवान पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अभी तक इस टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज, सिंधी समाज के लोगों ने थाने में शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है, वहीं अब इस मामले में समाज सेवी योगेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को संयुक्त रूप से गंज थाने में जाकर अमित बघेल के विरुद्ध एफआईआर कर गिरफ्तारी की मांग करते हुए लिखित शिकायत की है।

■ समाज सेवी योगेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने गंज थाने में की शिकायत

योगेश अग्रवाल ने बताया कि अमित बघेल के अग्रवाल समाज के आराध्य देव अग्रसेन महाराज के विरुद्ध अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी करने से सामाजिक कार्यकर्ता क्षुब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के सदस्य समाज होने के नाते, अपने पूरे समुदाय की गहरी पीड़ा, आक्रोश और आहत धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति करते हुए थाने में शिकायत की है। उन्होंने कहा कि अमित बघेल ने सार्वजनिक रूप से अग्रवाल समाज के पूज्यनीय एवं आराध्य देवता अग्रेसन महाराज के विरुद्ध अत्यंत अशोभनीय, अभद्र एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें चोरहा, लबरा जैसे शब्दों से संबोधित किया। श्री अग्रेसन महाराज हमारे समुदाय के लिए केवल एक ऐतिहासिक व्यक्ति मात्र नहीं हैं, अपितु एक दैवीय शक्ति, एक कुल देवता और हमारी आस्था के केंद्र हैं। ऐतिहासिक एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के वंशज हैं। उनके प्रति इस प्रकार की घटिया एवं अश्लील भाषा का प्रयोग करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इस शिकायत के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अमित बघेल के विरुद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की मांग की है।

**टेट अनिवार्यता को लेकर हैं नाराज**

## दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना देंगे छग के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



टेट की अनिवार्यता समाप्त करने छग के शिक्षक अब दिल्ली का रूख करेंगे। छग के शिक्षक 4 जनवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना देंगे। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के वर्चुअल बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा पीएफआरडीए में जमा एनपीएस राशि भी कार्मिकों को वापस करने की मांग की जाएगी। धरना-प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर केंद्र सरकार एवं एनसीटीई को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सितंबर में पारित निर्णय में 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था। इसी तरह अन्य राज्यों में भी अलग-अलग तिथि में टीईटी की अनिवार्यता की गई है। शिक्षकों की मांग है कि आदेश पर पुनर्विचार कर सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने आवश्यक पहल की जाए।

■ जो शिक्षक टेट क्वालीफाई नहीं, वे पदोन्नति के लिए होंगे अपात्र

### दूसरे राज्यों के शिक्षक भी होंगे शामिल

ना केवल छग बल्कि देशभर के शिक्षक 4 जनवरी 2026 को जंतर-मंतर दिल्ली में जुटेंगे तथा केंद्र सरकार से मांग रखेंगे कि जिस राज्य में टीईटी की अनिवार्यता जिस तिथि से लागू की गई है, उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने का अध्यादेश पारित किया जाए। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में यह प्रदर्शन होगा। वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे, प्रदेश संयोजक लैलूंन भारद्वाज, प्रदेश संयोजक विकास राजपूत, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, विवेक शर्मा शामिल हुए।

## महंगी बिजली, पूंजीपतियों को लाभ देने की साजिश : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश में बिजली बिल की बढ़ी हुई दर के विरोध में आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई है। मंगलवार को प्रदेश के प्रत्येक जिले में आम आदमी पार्टी ने महंगी बिजली को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। रायपुर में नलघर चौक में धरना-प्रदर्शन किया गया। ना रे बा जी करते हुए अपनी मांगे सामने रखकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नजर अंदाज कर रही है। छत्तीसगढ़ की जनता बिजली बिलों से त्रस्त हो चुकी है। कई बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जाते हैं। विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

■ बिजली दर बढ़ोतरी के विरोध में आप का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

### पेश कर रहे हैं गलत डाटा

प्रदर्शन के दौरान पार्टी के कार्यकर्ता तख्तियां लेकर पहुंचे हुए थे। यहां उन्होंने शासन की नीतियों को लेकर सवाल उठाए। प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महंगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गई है। सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है सरकार भ्रष्टाचार कर रही है निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है। सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों? सरकार लाइन लॉस 15-20% बताती है जबकि 3% से ज्यादा लाइन लॉस नहीं होता है। प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल ने कहा, हम पूर्व में भी प्रदेशव्यापी प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी है। मुन्ना बिसेन, दुर्गा झा, परमानन्द जांगड़े नंदन सिंह, मिहिर कुर्मी, अजीम खान सहित अन्य कार्यकर्ता इस विरोध-प्रदर्शन का हिस्सा बने।

**चुनाव प्रचार में शहर से बाहर गए हैं पार्षद**

# पानी, सफाई और स्ट्रीट लाइट की समस्या महिलाएं नाराज, पार्षद कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर नगर निगम जोन 6 के शहीद राजीव पांडेय वार्ड में पेयजल की समस्या, सफाई में कोताही और स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर महिलाओं ने मंगलवार को वार्ड पार्षद कार्यालय का घेराव किया। महिलाओं का कहना है, वार्ड के संजय नगर के आरडीए कॉलोनी, शैलानी नगर, बकरा मार्केट के आसपास के क्षेत्र और छत्तीसगढ़ नगर धरम नगर सुभाष नगर में नाली सफाई नियमित नहीं होने से नालियां जाम हो गई हैं। सफाई न होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वार्ड पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता से शिकायत के बाद भी समस्या की जस है। शहीद राजीव पांडे वार्ड में पावर पंप बंद होने से छत्तीसगढ़ नगर धरमनगर में पानी की समस्या रही। जोन 6 के पास मोहल्ले की महिलायें उनके कार्यालय में समस्या बताने मंगलवार को सुबह वार्ड पार्षद कार्यालय पहुंचीं, उस समय उनका कार्यालय बंद रहा। पूछने पर पता चला कि पार्षद चुनाव प्रचार में बिहार चले गए, जबकि उनकी प्राथमिकता वार्ड की समस्या है। पूर्व पार्षद एवं जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव ने कहा कि वार्ड में इतनी सारी समस्या है और वार्ड के पार्षद का वार्ड में नहीं रहना उनकी उदासीनता को दिखाता ह। वार्ड पार्षद कार्यालय का घेराव करने पहुंची महिलाओं में शांति बाई साहू, त्रिवेणी, टेमिन साहू, नंदनी बैस, मालती साहू, नेमिन बाई, नंदकुमारी ध्रुवंशी, सरिता बाकरे, निर्मला साहू ,ललिता, पूर्णिमा बाई, गायत्री बाई, डिगेंद्र ध्रुवंसी, तिलक निर्मलकर, तारण साहू सहित वार्ड वासी शामिल रहे।



